**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र**
**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास पत्र (सत्र: 2026-27)**
**कक्षा: IV**
**विषय: हिंदी**

**अवधि:2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50**

**सामान्य निर्देश:**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं, खंड-अ, खंड-ब, खंड- स और खंड-द
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं

| खंड-अ (पठन) | | |
|---|---|---|
| **1.** | **नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें :**<br><br>**<u>ईमानदारी का फल</u>**<br>**एक दिन अनुज अपने स्कूल से घर लौट रहा था। अचानक उसकी नज़र सड़क के किनारे गिरे हुए एक कीमती बटुए पर पड़ी। अनुज ने बटुआ उठाकर देखा, तो वह रुपयों से भरा हुआ था। एक पल के लिए अनुज के मन में लालच आया कि वह उन पैसों से अपने मनपसंद खिलौने और चॉकलेट खरीद ले। लेकिन तभी उसे अपनी माँ की सिखाई बात याद आई– <u>"ईमानदारी सबसे बड़ा धन है।"</u>**<br>**अनुज ने बटुए के अंदर देखा तो उसमें एक पहचान पत्र (ID Card) मिला, जिस पर एक पता लिखा था। वह सीधा उस पते पर पहुँचा। वह घर एक वृद्ध व्यक्ति का था। अपना खोया हुआ बटुआ वापस पाकर वृद्ध व्यक्ति की आँखों में खुशी के आँसू आ गए। उन्होंने अनुज को इनाम के रूप में कुछ पैसे देने चाहे, लेकिन अनुज ने मुस्कुराते हुए मना कर दिया और कहा कि यह तो उसका कर्तव्य था। उस दिन अनुज को जो ख़ुशी मिली, वह किसी भी खिलौने या चॉकलेट से बड़ी थी।**<br><br>**1: जब अनुज को रुपयों से भरा बटुआ मिला, तो उसके मन में 'लालच' आना क्या दर्शाता है?**<br>(क) वह एक बुरा लड़का था।<br>(ख) वह एक सामान्य मानवीय स्वभाव था, लेकिन उसने उस पर नियंत्रण पाया।<br>(ग) उसे पैसों की बहुत सख्त ज़रूरत थी।<br>(घ) वह अपनी माँ की बात भूल गया था।<br><br>**2:अनुज ने बटुए के मालिक का पता कैसे लगाया?**<br>(क) लोगों से पूछकर | **(5x1=5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) अखबार में पढ़कर<br>(ग) बटुए में रखे पहचान पत्र से<br>(घ) पुलिस की मदद से ।<br><br>**3: अनुज ने वृद्ध व्यक्ति से इनाम लेने से मना कर दिया। अनुज के इस व्यवहार से उसके किस गुण का पता चलता है?**<br>(क) वह अभिमानी था।<br>(ख) वह निस्वार्थ था और केवल अपना कर्तव्य निभाना चाहता था।<br>(ग) उसे पैसों की कद्र नहीं थी।<br>(घ) वह वृद्ध व्यक्ति से डर रहा था।<br><br>**4: यदि अनुज बटुआ अपने पास रख लेता, तो अंत में उसे कैसा महसूस होता?**<br>(क) वह बहुत बहादुर महसूस करता।<br>(ख) वह अपने खिलौनों के साथ हमेशा खुश रहता।<br>(ग) उसे अपनी माँ की सीख का उल्लंघन करने पर दुख होता।<br>(घ) उसे स्कूल में पुरस्कार मिलता।<br><br>**5: इस कहानी का मुख्य उद्देश्य पाठक को क्या समझाना है?**<br>(क) रास्ते पर चलते समय नीचे देखना चाहिए।<br>(ख) लालच के समय में  भी अपने नैतिक मूल्यों पर टिके रहना चाहिए।<br>(ग) केवल वृद्ध लोगों की ही मदद करनी चाहिए।<br>(घ) चॉकलेट और खिलौने स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। | |
| **2.** | **नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें :**<br><br>**तभी अचानक उसने एक ऐसी चीज़ देखी जिससे उसका सर चकरा गया। अभी तक तो घोंघे ने पौधे या छोटे पेड़ ही देखे थे। पर यहाँ पर तो एक ऐसा लंबा पेड़ था जो पूरे आसमान तक जाता था। बेचारे घोंघे ने कभी खजूर का पेड़ नहीं देखा था। वहाँ एक और पेड़ था जो इतना बड़ा था कि घोंघा उसके एक छोर से दूसरे छोर तक भी नहीं देख पाता था।  बड़ के पेड़ से जो उसका पाला पड़ गया था,इसलिए। घोंघे की आँखें आश्चर्य से और भी खुल गई इसलिए ।उसने कहा,"वाह, सचमुच दुनिया कितनी अद्भुत है!" घोंघे ने तय कर लिया कि अब तो वह इस दुनिया में ही रहेगा।**<br><br>**1: घोंघे का "सर चकरा जाने" का मुख्य कारण क्या था?**<br>(क) वह बहुत लंबी यात्रा करके थक गया था।<br>(ख) उसने पहली बार अपनी कल्पना से कहीं बड़ी चीजें देखी थीं। | **(5x1=5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) खजूर के पेड़ से गिरने के कारण उसे चोट लगी थी।<br>(घ) उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह कहाँ खड़ा है।<br><br>**2: "घोंघे ने कभी खजूर का पेड़ नहीं देखा था।" इस पंक्ति से घोंघे के बारे में क्या पता चलता है?**<br>(क) वह बहुत आलसी जीव था।<br>(ख) उसकी दुनिया अब तक बहुत छोटी और सीमित थी।<br>(ग) उसे पेड़ों के बारे में पढ़ना पसंद नहीं था।<br>(घ) वह केवल छोटे पौधों को ही नुकसान पहुँचाता था।<br><br>**3: गद्यांश के अनुसार, बड़ के पेड़ की विशालता का वर्णन किस प्रकार किया गया है?**<br>(क) वह आसमान की ऊँचाइयों को छू रहा था।<br>(ख) उसकी जड़ें ज़मीन के बहुत अंदर तक थीं।<br>(ग) घोंघा एक सिरे से दूसरे सिरे तक की दूरी को देख भी नहीं पा रहा था।<br>(घ) वह खजूर के पेड़ से भी अधिक ऊँचा और पतला था।<br><br>**4: "वाह, सचमुच दुनिया कितनी अद्‌भुत है!"– घोंघे के इस कथन से उसके स्वभाव में आए किस परिवर्तन का संकेत मिलता है?**<br>(क) वह डर के कारण वापस भागना चाहता है।<br>(ख) उसमें नई चीजों को जानने की जिज्ञासा और उत्साह जाग गया है।<br>(ग) वह अपनी पुरानी दुनिया को श्रेष्ठ मान रहा है।<br>(घ) वह घमंड में चूर होकर खुद को बड़ा समझने लगा है।<br><br>**5: इस गद्यांश का मुख्य उद्देश्य क्या है?**<br>(क) खजूर और बड़ के पेड़ों के वैज्ञानिक गुणों को बताना।<br>(ख) यह बताना कि घोंघा एक बहुत ही छोटा जीव होता है।<br>(ग) यह दर्शाना कि जब हम अपने सीमित दायरे से बाहर निकलते हैं, तब हमें दुनिया की विशालता का अनुभव होता है।<br>(घ) पेड़ों की कटाई को रोकने का संदेश देना। | |
| | **खंड-ब (लेखन )** | |
| 3. | **संवाद लेखन -**<br>**आप नीम की डालियों पर रस्सी डालकर झूला झूलने का आनंद लेना चाहते हैं।आप वहाँ झूला डालने गए। कल्पना कीजिए कि नीम की डालियाँ आपसे बातें करने लगीं। उस संवाद को लिखिए —**<br>**नीम – अरे! बहुत दिन बाद आई/आए हो!** | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | **आप** – ............................................................................................<br>**नीम** – ............................................................................................<br>**आप** – ............................................................................................<br>**नीम** – ............................................................................................<br>**आप** – ............................................................................................<br>**या**<br>**नीचे दी गई कहानी की शुरुआत को ध्यान से पढ़िए और अपनी कल्पना के अनुसार इसे लगभग 80-100 शब्दों में पूरा कीजिए। कहानी को एक उचित शीर्षक भी दीजिए और अंत में उससे मिलने वाली शिक्षा भी लिखिए।**<br>**"रोहन अपने स्कूल के बगीचे में टहल रहा था। अचानक उसकी नज़र एक कोने में गिरे हुए पक्षी के घोंसले पर पड़ी। घोंसले के अंदर दो छोटे-छोटे अंडे थे और उनकी माँ (पक्षी) पास ही की एक टहनी पर बैठकर बहुत दुखी होकर चहक रही थी। रोहन ने सोचा कि..."**<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________ | |
| **4.** | कल्पना कीजिए कि आपको अचानक एक **'जादुई पेंसिल'** मिल गई है। आप इस पेंसिल से जो भी चित्र बनाते हैं, वह सच हो जाता है। आप इस पेंसिल का उपयोग समाज की भलाई के लिए कैसे करेंगे? अपने विचारों को **80-100 शब्दों** के एक अनुच्छेद में लिखिए।<br>**लिखते समय इन बिंदुओं का ध्यान रखें-**<br>1. आप सबसे पहले क्या बनाएंगे और क्यों?<br>2. क्या आप केवल अपने लिए चीजें बनाएंगे या दूसरों के लिए भी?<br>3. इस जादुई शक्ति का उपयोग करते समय आप क्या सावधानी बरतेंगे?<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________<br>________________________________________ | **5** |

या

आपने देखा कि आपके पड़ोस में या स्कूल के मैदान में एक पानी का नल खुला हुआ है और पानी बेकार बह रहा है। लोग उसे देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए **'पानी की बचत: हमारा कर्तव्य'** विषय पर **80-100 शब्दों** में एक अनुच्छेद लिखिए।

**लेखन के लिए संकेत :**

- **समस्या की पहचान:** बहते हुए पानी को देखकर आपको कैसा लगा?
- **तर्क:** पानी बचाना क्यों ज़रूरी है? (भविष्य के लिए महत्व)
- **समाधान:** उस समय आप तुरंत क्या कदम उठाएंगे?
- **जागरूकता:** आप दूसरों को पानी बर्बाद न करने के लिए कैसे समझाएंगे?

## खंड-स (व्याकरण)

**5. उदारहरण की सहायता से रिक्त स्थान भरिए –** 5

| | | | |
|---|---|---|---|
| सु | कुमार | सुकुमार | कोमल अंगों वाला |
| सु | योग्य | | |
| सु | यश | | |
| सु | | सुकर्म | अच्छे कर्म |

**6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -** 5

1- विपरीत अर्थ वाले शब्द से रिक्त स्थान भरिए -

खाने में सलाद अधिक और तले हुए व्यंजन ______________ खाएँ|

2 - 'इत' जोड़कर शब्द बनाएं |

शिक्षा - ____________________

3- मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |

आसमान गिरना - ____________________________

_____________________________________________________________________

4- उपसर्ग और मूल शब्द द्वारा उदाहरण कि सहायता से नया शब्द बनाइए और वाक्य प्रयोग करे –

| **उपसर्ग** | **मूल शब्द** | **नया शब्द** | **वाक्य प्रयोग** |
|---|---|---|---|
| वि | शेष | विशेष | आज का दिन मेरे लिए विशष है । |
| भर | पेट | | |

5- जो कार्य आगे आने वाले समय में होंगे उनका एक वाक्य बनाइए। एक वाक्य उदाहरण के लिए बना हुआ है।

| | |
|---|---|
| जो कार्य आगे आने वाले समय में होंगे | | हम सपरिवार कल घूमने जाएँगे। |

**खंड-द (पाठ्यपुस्तक)**

**7.** **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :** **10**

(i) जंतर - मंतर कहाँ स्थित है ?

_____________________________________________________

(ii) आपके अनुसार खरगोश के आस-पास कौन-सा फल गिरा होगा?

_____________________________________________________

(iii) नीचे दिए गए शब्दों में से आपको केवल वर्ण बदलकर फल अथवा साग-तरकारी का नाम लिखना है। ध्यान रखिए कि मात्रा न बदले -

चालक ___________________________

(iv) कौन-सा खाद्य पदार्थ स्वास्थ्यवर्धक होता है ?एक उदाहरण लिखिए |

_____________________________________________________

(v) बूझो तो जानें –

कड़वी भाजी मैं कहलाता,

रहता सदा अकेला ।

मध्य हटे कला बन जाऊं,

प्रथम हटे तो रेला । ___________________________

**8.** **खरगोश को ऐसा क्यों लगा कि आसमान गिर रहा है? यदि आप खरगोश कि जगह होते तो क्या करते ?** **3**

_____________________________________________________________________

_____________________________________________________________________

| | | |
|---|---|---|
| | ______________________________ | |
| 9. | **ओणम के भोज में कौन-कौन से भोज्य पदार्थ बनाए जाते हैं? किसी एक भोज्य पदार्थ के बारे में विस्तार से लिखिए।**<br><br>**या**<br><br>**ओणम पाठ में आए किस उल्लेख के आधार पर कहा जा सकता है कि महाबली अपनी प्रजा से बहुत ही प्रेम करते थे?**<br>______________________________<br>______________________________<br>______________________________ | **3** |
| **10.** | अमर के पत्र का एक अंश नीचे दिया गया है।इसे ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी समझ के अनुसार लिखिए —<br><br>**"परसों रात को हम सकुशल जयपुर पहुँच गए । हमारी यात्रा बहुत अच्छी रही । अध्यापकों ने हमारा बहुत ध्यान रखा । यहाँ मौसम अच्छा है ।"**<br><br>**यात्रा में ऐसा क्या-क्या हुआ होगा कि अमर ने अपने पत्र में लिखा —**<br><br>**(क)परसों रात को हम सकुशल जयपुर पहुँच गए।**<br>______________________________<br>______________________________<br><br>**(ख)हमारी यात्रा बहुत अच्छी रही।**<br>______________________________<br>______________________________<br><br>**या**<br><br>**निम्नलिखित के बारे में दो-दो वाक्य लिखिए।**<br><br>**शीशमहल**<br>______________________________<br>______________________________<br><br>**हवामहल**<br>______________________________<br>______________________________ | **4** |